# यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी रहे टाईकॉन के विजेता

■ 'इंस्पायर, इनोवेट एंड इम्पैक्ट' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उभरते उद्यमियों व विशेषज्ञों ने की शिरकत




एक लाख का चेक हासिल करते टाईकान के विजेता नमन गांधी।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस ने टीआईए के सहयोग से आयोजित टाईकॉन 2024 की मेजबानी की। 'इंस्पायर, इनोवेट एंड इम्पैक्ट' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उभरते उद्यमियों व विशेषज्ञों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में टेकयोन आटोमोटिव के संस्थापक नमन गांधी टाईकॉन के विजेता रहे। यूपीईएस के पूर्व छात्र नमन गांधी का स्टार्टअप टेकयोन चार्जिंग दक्षता के साथ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) तकनीक में क्रांति ला रहा है। वह ईवी के उपयोगकर्ताओं की बड़ी समस्या का समाधान करते हुए चार्जिंग समय को काफी कम करने में कामयाब रहे। नमन गांधी को एक लाख रुपये के चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। शुभम राणा और सिद्धार्थ जेना को उनके स्टार्टअप बीरेडी हार्वेस्टर्स एलएलपी और आकाशलब्धि प्राइवेट लिमिटेड को प्रथम रनरअप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

बीरेडी हार्वेस्टर्स मधुमक्खी आवासों को संरक्षित करने के साथ ही कच्चे शहद, पराग और मोम सहित उत्पादों की श्रृंखला पेश करता है। वहीं, आकाशलब्धि अंतरिक्ष संरचनात्मक डिजाइन में विशेषज्ञता वाली एक फर्म है, जो भारतीय संस्थान रुड़की के परिसर में स्थित है।

कार्यक्रम के दौरान देहात के सह संस्थापक शशांक कुमार व नौकरी डॉट कॉम के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने उद्यमिता को लेकर अपने अनुभवों को साझा कर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्टार्टअप और उद्यमशीलता को लेकर विभिन्न मुद्दों पर की गई।